दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 149 मुरादाबाद 24 September 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये


प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## मैंने पूरा किया नेहरू का काम, 'अर्बन नक्सल' पर बरसते हुए बोले पीएम मोदी




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि अर्बन नक्सल और राजनीतिक समर्थन वाले विकास विरोधी तत्वों ने गुजरात में कई सालों तक नर्मदा नदी पर सरदार सरोवर बांध के निर्माण को रोककर रखा। पीएम मोदी ने कहा कि पर्यावरण के नाम पर ऐसा किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि जिस काम की शुरुआत देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने की थी उसे उन्होंने पूरा किया। प्रधानमंत्री ने गुजरात में आयोजित पर्यावरण मंत्रियों के सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित करते हुए यह बातें कहीं। नर्मदा जिले के एकता नगर में जुटे देश के अलग-अलग राज्यों के पर्यावरण मंत्रियों से पीएम मोदी ने बताया कि कैसे पर्यावरण की आड़ लेकर देश में विकास के कामों को रोकने की कोशिश हुई है। उन्होंने कहा, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के बिना, देश का विकास, देशवासियों के जीवन स्तर को सुधारने का प्रयास सफल नहीं हो सकता। लेकिन हमने देखा है कि पर्यावरण मंजूरी के नाम पर देश में आधुनिक इंफास्ट्रक्चर के निर्माण को कैसे उलझाया जाता था। पीएम मोदी ने आगे कहा, आप जिस जगह बैठे हैं एकता नगर का उदाहरण आंखे खोलने वाला है। कैसे अर्बन नक्सलों ने, विकास विरोधियों ने सरदार सरोवर डैम को रोककर रखा था। आपने यहां बड़ा जलाशय देखा होगा। इसका शिलान्यास आजादी के तुरंत बाद किया गया था। सरदार वल्लभभाई पटेल ने इसमें बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी और पंडित नेहरू ने शिलान्यास किया था। लेकिन सारे अर्बन नक्सल मैदान में आ गए, दुनिया के लोग आ गए। झूठा प्रचार किया, अभियान चलाया कि यह पर्यावरण विरोधी है। बार-बार उसे रोका गया। जिस काम की शुरुआत नेहरू जी ने की थी वह पूरा हुआ मेरे आने के बाद। देश का कितना पैसा बर्बाद हो गया। पीएम मोदी ने कहा, ये अर्बन नक्सल आज भी चुप नहीं हैं। आज भी खेल खेल रहे हैं। उनका झूठ पकड़े गए उसे स्वीकार करने को तैयार नहीं है। उन्हें राजनीतिक समर्थन मिल जाता है कुछ लोगों का। भारत में विकास को रोकने के लिए कई ग्लोबल संस्थाएं भी तूफान खड़ा कर देती हैं और ये हमारे अर्बन नक्सल उनको माथे पर लेकर नाचते रहते हैं और रुकावट आ जाता है। पीएम मोदी ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा से समझौता किए बिना संतुलित रूप से विचार करके आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि अर्बन नक्सल झूठे प्रचार से वर्ल्ड बैंक और न्यायपालिका को भी प्रभावित करते हैं।

## किताबें और रोड क्लीनर मशीन के बाद पालिका की तिजोरी चोरी, आजम खां पर फिर लगे गंभीर आरोप



सपा नेता और रामपुर सांसद आजम खां की दिन पर दिन मुसीबतें बढ़ती ही जा रही हैं। आजम खां के लिए जौहर यूनिवर्सिटी मानो आफत बन गई है। यूनिवर्सिटी में पिछले दिनों हुई कार्रवाई और खुदाई में मिली पालिका की मशीन इसका उदाहरण है। पहले बकरी, भैंस और फिर किताब चोरी के बाद आजम पर अब पालिका की तिजोरी चोरी का आरोप लगा है। मामला 17 साल पहले का बताया जा रहा है जब पालिका की तिजोरी चोरी हुई थी। तिजोरी में 11 लाख रुपये भी थे। पूर्व पालिकाध्यक्ष रेशमा बी ने कमिश्नर से मुलाकात कर पालिका से चोरी गई तिजोरी और उसमें रखे 11 लाख रुपये की बरामद कराने की गुहार लगाई है। कमिश्नर ने इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया है।सपा विधायक आजम खां की जौहर यूनिवर्सिटी की दीवारें हर रोज कोई न कोई नया खुलासा कर रही है। पुलिस के सर्च अभियान में जुए के आरोप में पकड़े गए सपा विधायक अब्दुल्ला आजम के दो दोस्तों सालिम व अनवार की निशानदेही पर पालिका की रोड क्लीनर मशीन और फिर मदरसा आलिया चोरी किताबें व फर्नीचर बरामद की थीं। इन सब बरामदगियों के बीच अब एक बार फिर से 17 साल पुराना मामला उछल गया है। पूर्व पालिकाध्यक्ष रेशमा बी अपने पूर्व विधायक पति अफरोज अली खां के साथ गुरुवार को कमिश्नर से मिलने पहुंची, जहां पर उन्होंने तमाम सुबूतों के साथ एक पत्र दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि वह दस साल तक पालिकाध्यक्ष रहीं। 2005 में पालिकाध्यक्ष रहते वक्त ही पालिका से तिजोरी चोरी हो गई थी। उस वक्त पालिका का नया भवन भी बन रहा था। तिजोरी में 11 लाख रुपये भी रखे। यह रुपये कर्मचारियों के वेतन के थे। यह भी गायब हो गए थे। इस मामले में उनके अधिकार तक सीज कर दिए गए थे, लेकिन इसके बाद भी तिजोरी बरामद नहीं हो पाई। कहा कि अब जब सभी पुरानी चीजें जौहर यूनिवर्सिटी से मिल रही हैं तो ऐसे में तिजोरी भी बरामद कराई जाए। साथ ही इसमें रखे 11 लाख रुपये भी बरामद कराए जाएं। पूर्व पालिकाध्यक्ष ने इस मामले में कमिश्नर से जल्द से जल्द पालिका की तिजोरी बरामद कराने की मांग रखी है। कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह ने इस मामले में जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया है।

### रेशमा ने सीबीसीआईडी जांच की उठाई थी मांग

तिजोरी चोरी के मामले में तत्कालीन पालिकाध्यक्ष रेशमा बी ने तिजोरी चोरी के मामले में पुलिस की निष्क्रियता की शिकायत तत्कालीन राज्यपाल से की थी। उस वक्त राज्यपाल को पत्र लिखकर इस प्रकरण की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की थी। पूर्व पालिकाध्यक्ष ने उस वक्त सीबीसीआईडी जांच कराने की मांग रखी थी।

### सीज किए थे अधिकार, पर्चा भी हुआ था खारिज

17 साल पहले पालिकाध्यक्ष रेशमा बी और तत्कालीन मंत्री आजम खां के बीच सियासी तौर पर 36 का आंकड़ा रहा था। उस वक्त उनके अधिकार भी सीज कराए गए और जब चुनाव आया तब उनका पर्चा भी खारिज करा दिया गया था। बाद में हाईकोर्ट से उनको राहत मिली थी। पूर्व पालिकाध्यक्ष रेशमा बी ने कहा, पुलिस द्वारा पुराने मामलों में माल बरामदगी होते देख अब उनको भी उम्मीद जगी है कि पालिका से चोरी हुई तिजोरी भी मिल जाए। इसी उम्मीद से वह आज कमिश्नर से मिली थीं। साथ ही तिजोरी को बरामद करने की मांग की। उम्मीद है कि पुलिस अब उनको इंसाफ दिलाएगी।

## बारिश और बाढ़ से यूपी बेहाल, सीएम योगी ने जिलाधिकारियों से तलब की राहत कार्यों की रिपोर्ट



एक तरफ पश्चिमी यूपी में बारिश ने कहर ढाया हुआ है। लगातार दूसरे दिन बारिश के कारण लोगों का जनजीवन अस्तव्यस्त है। दूसरी तरफ पूर्वी यूपी बाढ़ से परेशान है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को पूर्वी यूपी के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। उन्होंने सरयू नदी के आस-पास के जिलों गोरखपुर, संत कबीरनगर, बस्ती, अयोध्या, गोंडा और बाराबंकी का हवाई सर्वेक्षण कर इन जिलों के जिलाधिकारियों (डीएम) से अब तक किये गये बाढ़ राहत कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार योगी ने जिलाधिकारियों को इन जिलों के प्रभावित गांवों में राहत कार्यों में तेजी लाने और साथ ही बाढ़ प्रभावित गांवों के लोगों एवं पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर रखने के निर्देश दिये हैं। प्रदेश के करीब 14 जिलों के 247 गांव में बाढ़ से हालात बिगड़े हैं। इस बीच मुख्यमंत्री योगी ने इन जिलों में स्थिति का जायजा लेने के लिए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। गौरतलब है कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में एनडीआरएफ, पीएसी और एसडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं। योगी ने बाढ़ प्रभावित जिलों के डीएम को राहत कार्यों में तेजी लाने समेत इस दिशा में किये गये कामों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने जिलाधिकारियों को बाढ़ से हुई जन धन और पशुधन की क्षति का निर्धारित मानकों के मुताबिक आकलन कर सहायता एवं बाढ़ राहत सामग्री वितरित करने के काम में तेजी लाने को कहा। यूपी के 16 जिलों में पिछले 24 घंटे में 25 मिमी से अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई है। 10 जिलों बाराबंकी, गोरखपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी, इटावा, अयोध्या, मिर्जापुर में एसडीआरएफ की 15 टीमें लगाई गईं। वहीं प्रदेश के 46 जिलों में पीएसी की 17 कंपनियों के 44 टीमों को भी तैनात किया गया है। मालूम हो कि वर्तमान में प्रदेश के 44 जिलों में कुल 67 टीमें बचाव कार्य के लिए पहले से तैनात की जा चुकी हैं।

# खुटार बंडा मार्ग पर हुए सड़क हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर-थाना क्षेत्र के गांव सौफरी के पास गांव रजमना मोड़ के पास बरेली की ओर से आ रही डीसीएम अचानक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराई और बिजली का पोल तोड़ते हुए खाई में पलट गई



जिसकी चपेट में आकर गांव सौफरी निवासी अनिल कुमार ( 40 ) व शिवा( 15 ) पुत्र राजेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए, अचानक हादसा होते देख वहां हड़कंप मच गया और सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, पुलिस ने 108 एंबुलेंस की सहायता से दोनों को खुटार के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लेकर आए जहां डॉक्टरों ने अनिल कुमार को मृत घोषित कर दिया और घायल शिवा का उपचार शुरू ही गया था तभी शिवा ने भी दम तोड़ दिया दोनों की मौत की खबर मिलते ही

परिवार के लोग अस्पताल पहुंच गए परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है, पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डीसीएम तेज रफ्तार में आ रही थी अचानक डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गई जिसकी चपेट में आकर दोनों की मौत हो गई और डीसीएम के आगे खुटार में रहने वाले सुत्तन सिंह व उनके साथी दीपू बाइक से मलिका गए थे,

जहां से वह दोनों वापस आ रहे थे जब उन्होंने तेज धमाके की आबाज सुनकर वह मोटरसाइकिल खाई में छोड़कर भागे डीसीएम बाइक के ऊपर पलट गई जिससे उनकी बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और वह दोनों बाल-बाल बच गए, ग्रामीणों ने डीसीएम के चालक व हेल्पर को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है।

# श्रीमद्भागवत कथा को श्रवण करने पहुँचे जनप्रतिनिधि

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- खुटार ब्लॉक क्षेत्र के गांव दिलीपपुर में विगत 16 सितंबर से भूड़यार बाबा स्थान पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन ग्राम वासियों द्वारा कराया जा रहा है, जहां पर कथा व्यास कुमारी रोली त्रिवेदी द्वारा श्रोता गणों को कथा का श्रवण कराया जाता है, गुरुवार की शाम को जिला पंचायत सदस्य आनंद पटेल, पूर्व ब्लाक प्रमुख मनोज त्रिवेदी, एडवोकेट सुधीर त्रिवेदी, ने पहुंच कर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया, आज पूर्णाहुति के साथ हवन व कन्या भोज के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त ग्रामवासी व क्षेत्रवासी भक्त गणों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

# भाजयुमो जिला महामंत्री के आवास पर हुआ भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- भाजयुमो जिला महामंत्री विजय शंकर अवस्थी सोनू के आवास पर भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्रा के पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया, इस मौके पर भाजयुमो जिला महामंत्री विजय शंकर अवस्थी 卐सोनू卐 ने जिलाध्यक्ष श्री मिश्रा को स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत सत्कार किया इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख नमित दीक्षित, पूर्व चेयरमैन पति लक्ष्मण गुप्ता, पूर्व नगर अध्यक्ष देवेश गुप्ता, सत्यपाल गुप्ता, हीरा सिंह, मोहित शर्मा, सरदार पाल सिंह, सोनू मिश्रा, उत्तम शुक्ला, राजू दीक्षित, धर्मेंद्र मिश्र आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# आयुष्मान लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड देकर चतुर्थ वर्ष गांठ को मनाया गया



हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद - आयुष्मान भारत योजना के 4 साल पूरे होने पर माननीय सांसद श्री मुकेश राजपूत जी की अध्यक्षता में जनपद फर्रूखाबाद के कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी महोदय की सह अध्यक्षता में ,मुख्य चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति में सांकेतिक रूप से 10 आयुष्मान लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड देकर चतुर्थ वर्ष गांठ को मनाया गया,

साथ ही जनपद में अच्छा कार्य करने वाले दो सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज, एवम कमालगंज को अधिक लाभार्थियों को इलाज दिया गया एवम निजी चिकित्सालय के0पी0 सिंह को अधिक लाभार्थियों को योजनांतर्गत इलाज देने हेतु माननीय सांसद जी द्वारा सम्मानित किया गया। माननीय सांसद जी के द्वारा निर्देशित किया गया की सभी लाभार्थियों को अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड दिया जाए, एवम योजना का प्रचार प्रसार बृहद स्तर पर किया जाए, एवम जनपद के समस्त विद्यालयों में ग्राम के लाभार्थियों के नाम वॉल पेंटिंग से नाम लिखवाया जाए। जनपद फर्रूखाबाद में कुल 177292 लाभार्थी परिवार है, एवम अब तक 88738 परिवारों में कम से कम एक लाभार्थी को आयुष्मान कार्ड दिया जा चुका है जो कि लक्ष्य का 50.05 प्रतिशत है, एवम कुल 30त्र लाभार्थियों के कार्ड बनाए जा चुके है। अब तक जनपद से 8697 लाभार्थियों का निशुल्क उपचार दिया जा चुका है इसमें शासन के द्वारा 11,87,83,531 रूपया का अस्पतालों को भुगतान किया जा चुका है। जनपद का प्रदेश में 21 वा स्थान एवम मंडल में दूसरा है। जनपद में कुल 10 राजकीय एवम 11 निजी अस्पताल योजनाबद्ध है।

# निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत




विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- 4 दिवशीय शिक्षक प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन खुटार के खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री मृत्युंजय यादव जी के निर्देशन में आज शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रथम चरण सफल रूप से समाप्त किया गया। जिसमे 90 अध्यापकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में ,ऋक्क श्री अवनीश मिश्रा जी, श्री पंकज वर्मा जी ने प्रथम चरण के अंतर्गत 90 अध्यापकों को भाषा व गणित में बुनियादी शिक्षा के प्रशिक्षित किया।

# निपुण भारत मिशन के अंतर्गत प्राथमिक स्तरीय चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




खुटार शाहजहांपुर- निपुण भारत मिशन के अंतर्गत प्राथमिक स्तरीय चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम काकोरी शहीद इंटर कॉलेज खुटार में प्रारंभ हुआ जिसमें प्रथम व द्वितीय बैच में प्राथमिक विद्यालयों के 90 अध्यापकों ने भाग लिया प्रशिक्षण संदर्भ दाता ए श्आरश् पीश् श्री अवनीश कुमार मिश्र ,श्री सुबोध कुमार त्रिपाठी जी, श्री पंकज वर्मा जी श्री संतोष कुमार यादव जी एवं श्री मितेश कुमार मिश्र जी रहे, पूरे विद्यालय प्रांगण में मेरे द्वारा निरीक्षण के समय काफी अवस्थाएं फैली हुई देखी गई,प्रधानाचार्य अपनी सीट से नदारद थे। मेरे द्वारा एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से पूछने पर ज्ञात हुआ कि वह छुट्टी पर हैं, तब मुझे सहायक लिपिक से मिलाया गया, उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्य जी छुट्टी पर हैं मैंने पूछा कि उनकी छुट्टी का प्रार्थना पत्र कहां है दिखाइए,तब उनके द्वारा जानकारी दी गई कि उनकी छुट्टी का प्रार्थना पत्र सहायक अध्यापक संदीप कुमार गुप्ता के व्हाट्सएप पर मौजूद है, मैंने कहा कहां है वो उनको बुलाइए और मुझे उनकी छुट्टी के प्रार्थना पत्र की एक छाया प्रति मुझे दिलवा दें, साथ ही विद्यालय परिसर में इनके अलावा कोई भी अध्यापक या चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नजर नहीं आ रहा था, मैंने कहा यहां एक प्रशिक्षण का कार्यक्रम चल रहा है, भीड़ भाड़ बनी हुई है गेट पूरा खुला हुआ है बच्चे बाहर की और दौड़ते हैं, अगर कोई हादसा हो जाए तो उसका जिम्मेदार प्रधानाचार्य जी या सहायक अध्यापक संदीप कुमार गुप्त होंगे, लेकिन सहायक अध्यापक संदीप कुमार गुप्ता मिलने की बजाय कही जाकर छिप गये, मैंने सहायक लिपिक महोदय को कहा कि आप उनसे कह देना कि मेरे व्हाट्सएप पर प्रधानाचार्य की छुट्टी का प्रार्थना पत्र की छाया प्रति भेज दे, हालांकि सहायक लिपिक का कार्य मुझे संतोषजनक प्रतीत हुआ,लेकिन खबर लिखे जाने तक अभी भी उनकी छुट्टी का प्रार्थना पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसा लगता है कि अगर यही लगा रहा तो विद्यालय में कभी भी कोई भी बड़ी घटना घटित हो सकती है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# निर्माण कार्यों की सत्यता को छुपाया नही जाये-कमिश्नर

मुरादाबाद -माननीय मुख्यमंत्री जी के सर्वोच्च प्राथमिकता कार्यक्रम व अन्य विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक मंडलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में प्रथम बार पॉवर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से आहूत की गई। समीक्षा बैठक में आयुष्मान गोल्डन कार्ड में जनपद संभल की प्रगति खराब थी। वही जनपद बिजनौर के द्वारा अधिक संख्या में कार्ड बनाकर अच्छा कार्य किया गया है। मंडल के समस्त जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अभियान चलाकर अधिक से अधिक परिवारों का गोल्डन कार्ड से आच्छादन किया जाए। हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की समीक्षा करते हुए यह निर्देश जारी किए गए की समस्त सीएमओ अपने-अपने जनपदों में स्थापित केंद्रों का स्वयं निरीक्षण करें तथा यह सुनिश्चित करें कि सी एच ओ वहां पर निर्धारित समयावधि में अवश्य उपलब्ध रहें। चूंकि सी एच ओ को वहां पर मरीज भी देखने होते हैं इसलिए यह आवश्यक है कि इन केंद्रों पर आधारभूत सुविधाएं तथा दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा में पाया गया कि जनपद बिजनौर मुरादाबाद तथा रामपुर की प्रगति खराब है संबंधित जनपदों के जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि स्वयं समीक्षा करे। किसी भी लाभार्थी का भुगतान शेष नहीं रहना चाहिए समीक्षा बैठक में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारियों द्वारा मंडलायुक्त को यह बताया गया कि उनके जनपदों में पंचायत घर सामुदायिक शौचालय तथा अन्त्येष्टि स्थलों का सत्यापन करा लिया गया है और पाई गई कमियों का निराकरण 15 दिन में करा लिया जाएगा इस पर मंडलायुक्त द्वारा गुणवत्ता परक व समयबद्ध तरीके से कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश जारी किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मुख्य विकास अधिकारियों द्वारा यह बताया गया कि विगत वर्षों के आवासों को शीघ्र ही पूर्ण करा लिया जाएगा। रिक्त दुकानों के व्यवस्थापन में जनपद संभल की स्थिति खराब पाई गई समीक्षा बैठक में वृद्धावस्था पेंशन पति की मृत्यु उपरांत महिला को प्रदान करने तथा दिव्यांग पेंशन के लाभार्थियों की आधार सीडिंग का कार्य लंबित पाया गया। इसमें जनपद संभल व मुरादाबाद की स्थिति विशेषत: खराब है। मुख्य विकास अधिकारी संभल द्वारा यह बताया गया कि उनके जनपद में जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा अपने कार्य में रुचि नहीं ली जा रही है, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए रोजगार परक कार्यक्रमों की समीक्षा में समस्त



जिलाधिकारियों से अपेक्षा की गई कि वह विशेष ध्यान देकर इकाइयों की स्थापना का कार्य कराना सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त ने एक ग्राम एक उद्यम की रुपरेखा पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम के रिसोर्स मैपिंग की जाये तथा उसके आधार पर यह चिन्हित किया जाये कि किस व्यक्ति को किस प्रकार के रोजगार में समायोजित किया जा सकता है। इसी के साथ ग्रामीण क्षेत्र में जो उत्पादन हो रहे है उनकी गुणवत्ता में वृद्धि करके निर्यात से जोडा जाये। मण्डलायुक्त द्वारा मंडल के जनपदों में गिरते हुए जल स्तर को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए समीक्षा बैठक में समस्त मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि तालाबों को अपने मूल स्वरूप में वापस लाए जाने की कार्यवाही अभियान चलाकर की जाए। नहरों में टेल तक पानी पहुंचाने में रामपुर की प्रगति 76 प्रतिशत रहने पर मण्डलायुक्त ने शत प्रतिशत करने के निर्देश दिए है। विद्युत बकाया की वसूली में सम्भल 12 प्रतिशत, मुरादाबाद 75 प्रतिशत तथा बिजनौर की प्रगति 65 प्रतिशत होने पर मण्डलायुक्त ने कल तक आंकडे दुरस्त कर भेजने के निर्देश दिए तथा निवेश मित्र पोर्टल से संबंधित प्रकरणों को भी निस्तारण करने के निर्देश दिए। नई सड़कों के निर्माण एवं चैड़ीकरण में जनपद रामपुर की प्रगति 39.62 प्रतिशत, सेतु निर्माण में अमरोहा के 27 प्रतिशत, तथा बिजनौर की प्रगति 30 प्रतिशत होने पर आयुक्त ने कारण जानते हुए प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सोलर फोटो वोल्टेक सिंचाई पम्प की आपूर्ति में बिजनौर की प्रगति शून्य होने पर आयुक्त ने उप कृषि निदेशक को प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

मण्डलायुक्त ने चिकित्सकों की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए सभी सीएमओ को निर्देश दिया कि चिकित्सकों की उपलब्धता बनाये रखने तथा चिकित्सकों की मांग भी करें और वैकेंसी भी निकालें, ताकि चिकित्सकों की उपलब्धता बनी रहें। आयुष्मान कार्ड में बिजनौर की प्रगति 26 प्रतिशत, मुरादाबाद की 29 प्रतिशत होन पर आयुक्त ने मुख्य चिकित्साधिकारी को प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। जनआरोग्य में रामपुर जनपद की स्थिति खराब होने पर मण्डलायुक्त ने वहां के सीएमओ को इस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। परिवार नियोजन में सभी जनपदों की स्थिति खराब होने पर मण्डलायुक्त ने सभी सीएमओ को प्लानिंग बनाकर कार्य प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर में ए0डी0 हेल्थ को सुधार लाने के निर्देश दिए तथा दवाओं की उपलब्धता भी ऊपर से नीचे तक बनाये रखने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में जनपद सम्भल की स्थिति खराब होने पर वहां के सीएमओ को कार्य प्रगति ठीक करने के निर्देश दिए। जननी सुरक्षा योजना में भुगतान लम्बित होने पर समय से भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधूरे निर्माण कार्यो, सामुदायिक शौचालयों, पंचायत भवन निर्माण की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यो की सत्यता को छुपाया नही जाये। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में वर्ष 2021-22 में कई जनपदों में लाभार्थियों को 90 मानव दिवस का रोजगार नही देने पर आयुक्त ने रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में जनपद बिजनौर में गडबड़ मिलने पर मण्डलायुक्त ने सभी मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह भी अपने जनपद में किए गये कार्यो का सत्यापन अवश्य करें। जनपद अमरोहा के गंगेश्वरी ब्लाक में कराये गये विकास कार्यो के सत्यापन रिपोर्ट को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया तो काफी खराब स्थिति देखने को मिली, जिस पर आयुक्त ने असंतोष व्यक्त करते हुए ठीक प्रकार से कार्य करने के निर्देश दिए। सामुदायिक शौचालय की समीक्षा में पाया गया की बड़ी संख्या में शौचालयों का निर्माण किया गया है परंतु रखरखाव पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। आयुक्त ने मण्डलीय अधिकारीगण को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का भौतिक सत्यापन मौके पर जाकर फील्ड में देखें तथा सभी अधिकारी टीम भावना एवं समन्वय के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। आयुक्त ने सभी जिलाधिकारियों एवं मुख्य विकास अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारण कर विकास कार्यो की सतत् मानीटरिंग एवं सुपरविजन करने के भी निर्देश दिये। मण्डल की राशन दुकानों में बहाली मामले में प्रदेश में खराब स्थिति होने पर आयुक्त ने जिलाधिकारियों को नियमित मानीटरिंग कर दुकानों का समय से आवंटन कराने के निर्देश दिये। आयुक्त ने कहा कि जिलाधिकारीगण दुग्ध समितियों के पुर्नगठन की समीक्षा अपने स्तर पर करें तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी प्राथमिक स्कूलों की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाये तथा स्कूलों में अध्यापकों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करायें। आयुक्त ने ऑपरेशन कायाकल्प में खराब प्रगति पर रेन्डम सर्वे कराने के निर्देश दिये है। आयुक्त ने ग्रामीण पेयजल मिशन में एक्टिव होकर कार्य करने के निर्देश दिए तथा एन0आर0एल0एम0 में सम्भल एवं रामपुर की प्रगति खराब होने पर कार्य प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिये। मण्डलायुक्त ने मण्डल के सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों की कार्य प्रणाली पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए नियमित टीकाकरण का ग्राफ गिरने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि दवाओं की उपलब्धता निचले स्तर पर बनाये रखें। जननी सुरक्षा योजना में मुरादाबाद द्वारा अन्य जनपदों से कम भुगतान करने पर तथा संस्थागत प्रसव में भी स्थिति खराब होने पर आयुक्त ने ठीक प्रकार से कार्य करने के निर्देश दिये हैं। गोल्डन कार्ड में मुरादाबाद, बिजनौर एवं रामपुर को तेजी लाने के निर्देश दिए। मण्डल के जर्जर आंगनवाडी केन्द्र एवं विद्यालयों में आरईएस द्वारा कार्य बहुत धीमी प्रगति से करने पर असंतोष व्यक्त करते हुए कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। निराश्रित गौवंश संरक्षण में मुख्य विकास अधिकारियों को भी गौशालाओं की निगरानी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी सामूहिक प्रयास करें तथा गौशालाओं में सभी आवश्यक व्यवस्थायें ठीक रखें। पशु टीकाकरण में शत प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित की जाये। सहभागिता योजना में मण्डल में मुरादाबाद पीछे रहने पर आयुक्त ने प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी मुरादाबाद श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी अमरोहा श्री बी0के0 त्रिपाठी, जिलाधिकारी रामपुर श्री रविन्द्र मॉदड़, संयुक्त विकास आयुक्त श्रीकृष्ण पाण्डेय, डिप्टी कमिश्नर गजेन्द्र प्रताप सिंह सहित सभी जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी एवं ए0डी0 हेल्थ, संयुक्त निदेशक कृषि, डब्ल्यूएचओ एवं यूनिसेफ के प्रतिनीधि सहित एस0ई0 सिंचाई, विद्युत, लोक निर्माण विभाग, उप निदेशक समाज कल्याण, उप निदेशक पूर्ति, उप निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण, उप निदेशक उद्यान, उप निदेशक प्रोबेशन, उप निदेशक पंचायतीराज, पशुपालन, सेतु, आईसीडीएस आदि विभागों के मण्डलीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Bigotry on target

The process of attacking religious fanaticism and terrorism must continue. In this context, there are good reasons to appreciate the massive action taken by the National Investigation Agency (NIA) and the Enforcement Directorate (ED). In most of the cases we have seen that the investigating agencies are active after the incident or attack, but in reality before any apprehension, the investigating agencies should ensure their action. Any attack is also a failure of the investigating agencies. The Popular Front of India (PFI) has been under suspicion in the past because of its views. Investigating agencies have raided 106 of his locations in 11 states and arrested more than 100 people. Investigative agencies are eyeing the funding, network and training the PFI is getting. The offices and residences of the workers of this organization have also been raided and the investigation has intensified. All eyes are on the investigating agencies, so that the activities of PFI can be revealed. The NIA should try to avert any threat with due diligence. The activities of PFI in South India are being considered more suspicious, most people have been arrested from Kerala, Karnataka, Maharashtra, Tamil Nadu. The investigation is going on by arresting the big leaders associated with the organization. In the past too, NIA had conducted raids at different places in Andhra Pradesh. The allegation is that this organization, which came into existence after the ban on SIMI, conspires to incite violence and indulges in illegal activities. Be it the case of Nupur Sharma or the issue of hijab, the stand of this organization seems offensive to the majority class and the government. The Government of Karnataka has also told the Supreme Court that the role of this organization has been inflammatory in the Hijab case. This has also given impetus to the raiding action by the NIA. The organization claims that it works for the empowerment of the underprivileged sections of the society, but its activists have been questioned for the past decade and a half. In Kerala, Karnataka in particular, the workers of Rashtriya Swayamsevak Sangh and PFI have been in direct competition. The strings of this organization are also said to be associated with the violent attack on the workers of the Sangh.

Now the matter is in the court of NIA, it should proceed further with caution and sensitivity. If the strings of PFI are really related to terrorism, then it is in everyone's good to cut it, but it has to be kept in mind that no innocent should remain behind the bars. Not all people are the same in any organization. Earlier also action was taken by the security agencies against some such people, who were later found innocent. Terrorism is the most serious crime, so in any case related to it, no innocent should remain in custody even for a day, this will only increase the power of the security agencies. It is better to act in a group than to take action after deciding the offense by investigation beforehand and prove each case in court with evidence. In the fight against terrorism, trust and respect for security agencies is crucial.

# Urvashi Rautela wore a dress worth Rs 60 lakh, the troll said - Rishabh Pant Bhaiya

Urvashi Rautela recently shared her hot pictures on Instagram. In this, she can be seen wearing a rose red dress made at a cost of ? 60 lakhs. This dress of hers was made by Atelier Zohra. Urvashi Rautela is looking very beautiful in this one. Beautiful dress. It costs ? 60 lakhs. She is also wearing earrings and a diamond bracelet. Urvashi Rautela is seen posing with pouty lips - Urvashi Rautela is seen posing with pouty lips. Along with this she wrote It is, 'When I feel love, that's when I feel pain.' Urvashi Rautela has shared 5 pictures. Her pictures have got more than three lakh likes. Around 3000 comments have been made on Urvashi Rautela's pictures. Urvashi Rautela's pictures But around 3000 comments have been made. One fan has written, 'You are looking very beautiful.' One wrote, 'The whole conspiracy to attract RP Bhaiya towards you.' One wrote, 'You are very beautiful.' One has written, 'Most Beautiful Girl in the World' one has written, 'Doll' while one has written, 'K I on Rishabh Pantl' one has written, 'Urvashi Rautela sister-in-law will be very happy today Rishabh Pant Bhaiya.' Due to this, both of them are fiercely trolled on social media. Urvashi Rautela had accused Rishabh Pant of waiting for him in the hotel lobby all night while Rishabh Pant denied the allegations saying that some people get cheap popularity. Says anything to get it



# Rashmika Mandanna left the house without wearing pants, fans said- 'What a ruckus'

Pushpa: The Rise fame Rashmika Mandanna is in the news these days about her Bollywood debut. Rashmika will make her debut in the Hindi film industry with the film Goodbye. Recently her party song from the film was released, which is also the first party track of the actress's career. The actress is constantly promoting for Goodbye. Recently she was once again spotted, but Rashmika, who always garnered praise from the fans, got trolled this time due to her dress. The havoc in the pink dress caused havoc - Actually, Rashmika Mandanna wore such a short dress that her fans liked her. Head stunned. In the video going viral on Instagram, Rashmika is seen in a pink and white color check print dress, which she has covered with a matching jacket from above. As soon as the actress got down from her car, the paparazzi ran towards her. Rashmika also stopped for paps and posed for the camera. Trolls for short dress - Rashmika Mandanna looked very beautiful in this short dress, but some people trolled her on social media. Commenting on a user, wrote, 'Has sister forgotten to wear the bottom.' Another user praised her and said, 'Whatever the dress, this hesitation on the face looks very good, ma'am.' Apart from these comments, some fans also compared Rashmika to Malaika Arora. Rashmika Mandanna's workfront - Meanwhile, on the work front, apart from Goodbye, Rashmika Mandanna will also be seen in the film 'Mission Majnu' with actor Siddharth Malhotra. . Apart from this, he also has Kabir Singh fame director Sandeep Reddy Vanga's next film 'Animal'. She will be seen opposite Ranbir Kapoor in this film.



आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# सरकार का विकास घर घर में घुसा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-सरकार का विकाश घर घर में घुसा विकाश के जन्म की बेह्याई का जिले में जिम्मेदार कौन एटा- एक रात की बारिशने एटा शहर की ही नहीं वल्कि पूरे जनपद के विकास की पोल खोल कर रख दी। ऐसा प्रतीत होता है मानो सरकार का लाडला विकास घर घर में घुँस गया हो।और इस विकास ने गली मोहल्ला ,सडको बाजार ,अधिकारी एवं नेताओं को भी नहीं छोड़ा। जबरदस्ती विकास घरों में घुसता फिरता है। शहर के कई मोहल्लें में जैसे इस्लाम नगर ,किदवई नगर ,राम दरबार, भगीपुर,बनगांव आदि मोहल्लें में सड़कों नालियों को तो छोड़ो घरों में दो-से तीन फीट तक दुर्गन्ध युक्त पानी के साथ घुस गया। कई जगह टेंम्पो,तो कहीं कारें एवं कहीं बसे भी विकास की गोदी में हँसती खिलखिलाती मिली। चारों ओर त्राहि माम-त्राहि माम जैसा नजारा देखने में था। रामलीला मैदान तो किसी झील से कम नहीं दिख रहा था। नगर पालिका कार्यालय, एसएससी कार्यालय, जिलाधिकारी कार्यालय, मेडिकल कॉलेज, जिला जज कार्यालय, चेयरमैन का कार्यालय और आवास भी इस विकास के घेरे में था।आखिर इस संपूर्ण विकास की बेह्याई का जिम्मेदार कौन है। कुछ लोग कहते हैं कि नगरपालिका का चेयरमैन जिम्मेदार है। चेयरमैन कहता है कि ई.ओ जिम्मेदार है ई.ओ.कहता है कि जल निगम जिम्मेदार है। जल निगम कहता है की नगर पालिका और जिला प्रशासन जिम्मेदार है। जिला प्रशासन कहता है कि इसके लिए नेता जिम्मेदार है।और नेता कहते हैं कि उन्होंने तो केवल विकास किया है। आखिर शहर की इस दुर्दशा की जिम्मेदारी कोई भी इतनी आसान बेह्याई से क्यों लेगा ? वह इसलिए नहीं लेगा।क्यों कि जनता जाति और धर्म मे फँसी हुई है।क्या इस विकास ने भी जाति और धर्म के भेदभाव को मानते हुए घरों में घुसा है।अथवा बेखौफ होकर के सबके साथ समान व्यवहार किया है। तो फिर इसी तरह आज नहीं तो कल जब जनता जागेगी और सडको पर विकाश के पापा को दौडायेगी तब ये बेह्याई लादने वाले अपनी अपनी जिम्मेदारी समझेंगे।

# चैकिंग के दौरान दो टाटा कैन्टर से 42 भैंस व पड्डे बरामद, चार अभियुक्त गिरफ्तार




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-थाना नयागांव पुलिस को मिली सफलता, नयागांव पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान दो टाटा कैन्टर से 42 भैंस व पड्डे बरामद, चार अभियुक्त गिरफ्तार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण तथा अपराधियों के गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नयागांव पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर नौली चौराहा अलीगंज सराय रोड से दो टाटा कैन्टर में 42 भैंस व पड्डे बरामद कर 04 अभियुक्त 1- बीनू पुत्र रतिराम नि0 वहादुरपुर मझगवा थाना सौरिख जिला कन्नौज 2. मंजूर पुत्र अख्तर नि0 मो0 मेवाती थाना व कस्बा अलीगंज जिला एटा 3. शिव कुमार पुत्र रामनिवास निवासी मो0 मेवाती थाना व कस्बा अलीगंज जिला एटा 4. जीनुस खाँ पुत्र कल्लू खाँ नि0 जयसिंहपुर थाना जसरथपुर जिला एटा को गिरफ्तार किया गया है,

पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वह अलीगंज थाना क्षेत्र से गांव-गांव घूमकर भैंसों की खरीदारी करते थे तथा उन्हें मोहम्मदाबाद पशु मेला फर्रुखाबाद में बेचने के लिए ले जा रहे थे। बरामद पशुओं को सलमान पुत्र अहमद खान निजाम पुत्र छिद्दा निवासी ग्राम सराय अगहत थाना नयागांव एटा की सुपुर्दगी में दे कर गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना नयागांव पर मु0अ0स0 110/2022 धारा 3/11घ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

# बिना लाइसेंस के संचालित मेडिकल पर बिक रही थीं अवैध व नशीली दवाए



अफाक हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-थाना मूण्डापांडेय में औषधि विभाग का छापा छापे दे दौरान कथित मेडिकल से 5 लाख कीमत की एलोपैथिक दवाएं मुरादाबाद।

औषधि प्रशासन विभाग को प्राप्त हुई एक गोपनीय सूचना पर कि थाना मूंढापांडे क्षेत्र में ग्राम करणपुर में नकली और अवैध औषधियों एवम नशीली दवाई का बिना लाइसेंस के अवैध कार्य किया जा रहा है। उक्त की सूचना प्राप्ति के उपरांत दीपक शर्मा सहायक आयुक्त औषधि मुरादाबाद मंडल मुरादाबाद द्वारा मंडल के औषधि निरीक्षकों की टीम गठित की जिसमें मुकेश जैन औषधि निरीक्षक मुरादाबाद श्रीमती उर्मिला वर्मा औषधि निरीक्षक मुरादाबाद एवं राजेश कुमार औषधि निरीक्षक अमरोहा द्वारा तत्काल ग्राम करणपुर में पहुंच कर छापा कार्यवाही संपादित की गई। मौके पर अभियुक्त आफताब आलम पुत्र इलियास हुसैन निवासी खेर खाता मुरादाबाद अपना आवास का पता बताया गया जो की दुकान पर उपस्थित पाए गए। औषधि निरीक्षक मुकेश जैन ने बताया कि मौके पर जांच के दौरान लगभग 5 लाख कीमत की औषधियां भंडारीत थी जो की एलोपैथिक प्रकार की भंडारित थी जिनको औषधि प्रसाधन अधिनियम के उल्लंघन पाए जाने पर दवाओं को सील किए जाने की कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि मौके पर चार प्रकार की औषधियां संदिग्ध प्रतीत हो रही थी जिनके नमूने मौके पर एकत्र कर लिए गए नमूनों को राजकीय विश्लेषक को प्रेषित किया जा रहा। प्रकरण की विवेचना पूर्ण किए जाने के उपरांत माननीय सक्षम न्यायालय में अभियुक्त के खिलाफ परिवाद दाखिल किया जाएगा।

# देर रात्रि तक थाना प्रभारी अतुल ने किया पैदल/चेकिंग





तौफ़ीक़ खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बबुरी।।तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक चंदौली अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में आमजन मानस में सुरक्षा की भावना को और प्रबल करने हेतु थाना प्रभारी अतुल कुमार के द्वारा प्र्याप्त पुलिस बल के साथ लगातार कस्बा क्षेत्र बबुरी में पैदल गस्त कर रहे है।जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी है।पैदल गस्त करते हुए उन्होंने बाहर से आने जाने वाले गाड़ियों को गहनता से चेकिंग किया। गाड़ियों के कागजात में कमी मिलने पर जमकर लताड़ भी लगाए ।फिर कस्बा क्षेत्र में पैदल गश्त कर दुकानदारों/व्यापारियों व राहगीरों से बातचीत कर आवश्यक जानकारी प्राप्त करने सहित लोगो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।पुलिस अधीक्षक चन्दौली के निर्देशानुसार जनपद बबुरी के थाना प्रभारी के नेतृत्व में फुट पेट्रोलिंग किया जा रहा जिसके अन्तर्गत भीड़भाड़ वाले स्थानों, बाजारों, सर्राफा मार्केट,बस स्टैंड/टैम्पो स्टैंड, आदि स्थानों पर भ्रमण व निरीक्षण किया जा रहा है।चेकिंग अभियान में थाना प्रभारी अतुल कुमार के अलावा हेड कॉन्स्टेबल सतेंद्र पांडेय कॉन्स्टेबल अनुज कृष्णा राहुल आदि रहे।

# बारिश के चलते दो मंजिला मकान भरभरा कर अचानक गिरा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जिले में 24 घंटे से ज्यादा हो रही लगातार मूसलाधार बारिश के चलते दो मंजिला मकान भरभरा कर अचानक गिरा मकान में आधा दर्जन से ज्यादा लोग रह रहे थे मकान गिरने से बड़ा हादसा होने से टला स्थानीय लोगों की मदद से मकान में फंसे लोगों को निकाला बाहर, थाना मिरहची क्षेत्र के अंतर्गत सिरसा टिप्पू की घटना।

# योग शिविर का आयोजन किया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय हरचंदपुर एटा डाइट पर आज यश योग सेवा समित द्वारा बालिकाओं को उनके सर्वांगीण विकास हेतु मजबूत बनाने हेतु योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें यश योग सेवा समिति की महिला योग प्रभारी आशु वार्ष्णेय योग प्रशिक्षक यशवीर सिंह चौहान ब स्कूल की वार्डन लक्ष्मी द्विवेदी अपने स्टाफ के साथ योग शिविर में मोजूद रहे ह्य

# मानसिक प्रताड़ित कर अवैध पैसा वसूलने एवं परीक्षा से वंचित कर अनुत्तीर्ण करने का धमकी



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-इन दिनों सूरजपुर जिला शिक्षा विभाग काफी तेजी से अपना नाम रोशन कर रहा है,, मिली जानकारी के अनुसार सूरजपुर जिला चंद्रा के आईटीआई औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था चंद्रा के सत्य प्रकाश मिश्रा मानसिक प्रताड़ित कर अवैध पैसा वसूलने एवं परीक्षा से वंचित कर अनुत्तीर्ण करने का धमकी छात्रों को देता रहता है जिस विषय को लेकर आज 23,,9,, 2022 को आईटीआई के दर्जनों छात्रों ने सामाजिक कार्यकर्ता सीताराम भास्कर के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय सूरजपुर पहुंचकर अपने ऊपर हो रहे जुल्म अत्याचार का एक लिखित आवेदन कलेक्टर सूरजपुर को दिया है और उसमें उल्लेख किया है कि हम छात्रों से सत्य प्रकाश मिश्रा परिचार्य हमेशा प्रताड़ित करते रहता है और कई बच्चों लोगों से अवैध पैसा 5000-10000 ले चुका है और कुछ लड़के छात्राएं ऐसे हैं जोकि पैसा नहीं दे पाया उन लोगों का आईटीआई में जाने से मना कर दिया,, और बाद में मिश्रा सर फोन करते हैं की अगर अभी भी तुम्हारे पास 10,000 पैसा है तो मुझे आईटीआई में लाकर दो, तो तुम लोगों को परीक्षा में पास करवा दूंगा,, इस तरीके का मानसिक प्रताड़ित से छात्रों को गुजरना पड़ रहा है,, जबकि पढ़ने वाले बच्चे किसान मजदूर बेरोजगार लोगों का बच्चे है जोकि पैसा दे पाने में असमर्थ हैं,, एक बात यह भी सामने आया है की लगभग 25 ऐसे छात्र हैं जिनका आईटीआई चंद्रा से नाम काटने का धमकी देकर भगा दिया है,, सूरजपुर कलेक्टर से न्याय का मांग को लेकर आज लिखित आवेदन दिया गया है अब देखना यह है कि वह प्राचार्य मिश्रा के ऊपर जिला प्रशासन क्या कार्रवाई करता है,, सूरजपुर जिला के आईटीआई के छात्र अपना एग्जाम परीक्षा चंद्रा में दे पाते हैं कि नहीं क्योंकि सुनने में यह बात भी सामने आता है कि वहां का प्राचार्य मिश्रा काफी पहुंच वाला है ,, अब देखना यह है की, बच्चों का भविष्य के साथ न्याय मिल पाता है कि नहीं,,

# जिले के दूरस्थ क्षेत्र खैरा हॉट बाजार पहुंचे एसडीएम, संचालित मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना का लिया जायजा



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- भैयाथान एसडीएम श्री सागर सिंह राज ने जिले के दूरस्थ क्षेत्र स्थित ओड़गी ब्लॉक के ग्राम खैरा पहुंचे। जहां उन्होंने संचालित हाट बाजार क्लीनिक योजना का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सा आमला से चिकित्सा सुविधा के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने दुर्गम क्षेत्र में पहुंच कर ग्रामीण जनों के लिए चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सा आमला के कार्यों की सराहना की तथा निरंतर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हौसला अफजाई किया और शासन के महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक का लाभ प्रत्येक जन को प्राप्त हो इसके लिए ग्रामीण क्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार करने कहा। खैरा हाट बाजार में 55 जरूरतमंद लोगों का स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया। विगत दिनों कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने शासन के फ्लैगशिप योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए राजस्व अमला एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया था

जिससे शासन की योजनाओं का लाभ लोगों को मिल सके। निर्देश के परिपालन में एसडीएम श्री सागर सिंह राज ने क्षेत्र खैरा पहुंचकर संचालित हॉट बाजार क्लीनिक योजना का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मेडिकल ऑफिसर डॉ. शैलेंद्र अग्रहरि, डॉ. आर के शुक्ला, लैब टेक्नीशियन श्री योगेश सिंह, एएनएम सावित्री सिंह के द्वारा जरूरतमंद लोगों से बीमारी एवं परेशानियों से चर्चा कर स्वास्थ्य जांच कर एवं निःशुल्क दवाई का वितरण किया जा रहा था। एसडीएम ने चिकित्सा अमला के उपस्थिति एवं चिकित्सा कार्य की सराहना की। खैरा में 55 जरूरतमंद लोगों का स्वास्थ्य जांच कर दवाई का वितरण किया गया। जिले के 6 विकास खंडों के अंतर्गत लगने वाली साप्ताहिक हाट बाजार में मरीजों का उपचार हाट-बाजारों के क्लिनिक में किया जा रहा है। विगत 22 सितंबर को सूरजपुर विकासखंड अंतर्गत लगने वाले हाट बाजार के केंदराई में 54, कसकेला में 89, सिलफिली में 64, कुल 207, ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका उपचार एवं दवाई का निःशुल्क वितरण किया गया। इसी तरह विकासखंड प्रतापपुर के बड़वार में 84, दुरती में 79, केरता में 25 कुल 188, भैयाथान के दर्री पारा में 53, सलका में 53, कुल 106, रामानुजनगर देवनगर में 92, बकना में 48, सेंदूरी में 82 कुल 222, ओड़गी ब्लॉक के खैरा में 55 एवं प्रेमनगर ब्लॉक के कंचनपुर में 40 तथा तारकेश्वरपुर हाट बाजार में 51 मरीजों का निःशुल्क इलाज कर दवाई वितरण किया गया। इस तरह 22 सितंबर को लगाए गए हाट बाजार क्लिनिक योजना से कुल 869 मरीजों को चिकित्सा लाभ प्रदाय किया गया है।

# कुदरगढ़ में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का हुआ आयोजन, मंदिर परिसर में साफ सफाई कर किया श्रमदान







रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा तथा जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा सीईओ ओडगी, स्वच्छ भारत मिशन सूरजपुर के जिला समन्वयक तथा सलाहकार के नेतृत्व में कुदरगढ़ मंदिर परिसर में साफ सफाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए ग्राम पंचायत कुदरगढ़, चपडा, धुर, बकना, रामपुर, इंदरपुर, के ग्रामीण, स्व सहायता समूह, राजीव युवा मितान क्लब सदस्य, जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारियों तथा सरगुजा संभाग स्काउट एवं गाइड के अधिकारियों तथा बच्चों द्वारा रैली निकाला गया।

मंदिर परिसर के प्रवेश द्वार से सड़कों तथा दुकानों के आसपास बिखरे कचरे, प्लास्टिक का साफ-सफाई कर श्रमदान किया गया। सड़क किनारे संचालित दुकानों के बाहर डस्टबिन रखने का सुझाव दिया गया। मंदिर परिसर को प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र बनाने के लिए प्लास्टिक से होने वाले क्षति के संबंध में बताया गया। परिसर को स्वच्छ रखने के लिए सभी से सहयोग की अपील की गई है। सरस्वती आजीविका समूह को प्रतिदिन स्वच्छता मानिटरिंग तथा डस्टबिन में जमा कचरे को डंपिंग यार्ड में डम्प करने तथा प्लास्टिक प्रबंधन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिया गया है। संपूर्ण स्वच्छता अभियान के दौरान एसडीएम श्री सागर सिंह राज, जनपद सीईओ श्रीरणवीर साय, स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक श्री दीपक साहू, श्री संजय सिंह सहित श्री महेंद कुशवाहा, श्री उमेश्वर साहू, श्री राकेश चौबे, श्री जनक वर्मा, श्री होसला राजवाड़े, शांता राजवाड़े, संतोष राजवाड़े एवं स्काउट गाइड के बच्चे तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# भाजपा नेता लालू जी की हुई धान की खेती पूर्ण रूप से नष्ट किसानों को हो रहा है कष्ट और अधिकारी हो रहे मस्त- राकेश कुमार सिंह



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ कोल विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों का दौरा किया किसानों की धान की खेती के बारे में किसानों से बातचीत की हर खेत को देखा किसानों से भी वार्ता हुई करीब जहां भी किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष गए वहां पर धान की खेती को भारी नुकसान मिला भाजपा नेता योगेंद्र पाल सिंह लालू जी की धान की खेती पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है भाजपा नेता की है हर खेत को देखा पूरी तरह से नष्ट हुई है करीब 300 बीघा के करीब धान की खेती बलीपुर गांव की नष्ट हुई है सर्वाधिक धान की खेती भाजपा नेता लालू जी की नष्ट हुई है करीब 100 एकड़ खेती मैं धान की फसल नष्ट हुई है किसान महेश कुमार सिंह भीमसेन संपत सिंह सुरेश पाल सिंह गौरव सिंह सौरभ सिंह एवं विनोद कुमार सिंह आदि किसानों की खेती को भारी नुकसान हुआ है जिलाधिकारी महोदय से आग्रह किया है एसडीएम कोल को मौके पर भेजकर इस नुकसान का आंकलन कराएं इन किसानों की रिपोर्ट उत्तर प्रदेश शासन को भेजें जिससे सरकार किसानों की समस्या का समाधान हो सके इन किसानों का भारी नुकसान हुआ है प्रशासन को इसे गंभीरता से लेना चाहिए केंद्र सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार किसानों के लिए एवं किसानों की समस्याओं के लिए पूरी तरह से हर समय तैयार है किन किसानों की इस गंभीर नुकसान की अनदेखी अधिकारियों की बर्दाश्त नहीं की जाएगी

# आरपीएफ कर्मी के बेटे का तमंचे के बल पर अपहरण

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- थाना महुआ खेड़ा क्षेत्र के गंदा नाला स्थित विजडम स्कूल के सामने दिनदहाड़े एक आरपीएफ कर्मी के बेटे का कार सवार बदमाशों ने हथियार के बल पर अपहरण कर लिया पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार को घेराबंदी कर याकूतपुर पुलिया के पास पकड़ा और उसमें सवार चार अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर युवक को उनके चंगुल से मुक्त कराया एसपी सिटी कुलदीप सिंह ने बताया कि बुधवार को दोपहर 1 बजे करीब गीतेश सिंह निवासी शंकर विहार कॉलोनी, क्वार्सी का विजडम पब्लिक स्कूल के सामने से 5 बदमाशों द्वारा अपहरण कर गाड़ी में डाल ले जाने की सूचना डायल 112 के माध्यम से प्राप्त हुई थी सीसीटीवी के आधार पर पुलिस ने कार को ट्रेस कर याकूतपुर पुलिस के पास घेराबंदी कर उसे रोक लिया और उसमें सवार चार बदमाशों को पकड़ा वहीं, अपहरण किए गए युवक को मुक्त कराया अपहरणकर्ताओं की पहचान रोहित निवासी आरएएफ रोड, महुआखेड़ा, उत्कर्ष निवासी नियर गोकुल बिल्डिंग मटेरियल राम स्नेही, महुआखेड़ा पुष्पेंद्र निवासी राज बिहार, महुआखेड़ा और हेमंत निवासी रामबाग कॉलोनी क्वार्सी के तौर पर हुई पूछताछ में पता लगा कि गीतेश इनका परिचित है 20 सितंबर की रात को इनका शराब पीने के दौरान झगड़ा हुआ था 7 प्लान यह था कि अपहरण के बाद गीतेश की हत्या कर बदला पूरा किया जाएगा सीमेंट कारोबारी संदीप की हत्या में नामजद है उत्कर्ष -अपहरण में शामिल उत्कर्ष पुत्र अनिल चौधरी एटा के संदीप गुप्ता की हत्या में भी नामजद है पिछले दिनों ही यह जमानत पर रिहा हुआ था जिस गाड़ी का अपहरण में इस्तेमाल किया गया वह भी उत्कर्ष की है

इंस्पेक्टर विजयकांत पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास- एसपी सिटी ने बताया कि महुआखेड़ा पुलिस इंस्पेक्टर विजयकांत शर्मा के नेतृत्व मे अपहरणकर्ताओं तक पहुंची और याकूतपुर पुलिया के पास इनकी घेराबंदी की गई जब इन्हें रुकने के लिए इशारा किया गया तो इन्होंने पुलिसकर्मियों की तरफ तेजी से गाड़ी भगा दी गनीमत रही कि यह अपने मंसूबों में सफल नहीं हुए


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com


# अल्पसंख्यकों को जागरूक करने हेतु भाजपा ने किया सम्मेलन



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती अल्पसंख्यक वर्ग में राजनीतिक अधिकारों की प्राप्ति तथा राष्ट्रीय एकता व सद्भाव के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने शिवपुर बनकट ग्राम में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जिस के मुख्य अतिथि दर्जा प्राप्त मंत्री सदस्य अल्पसंख्यक आयोग सम्मान अफरोज रहे तथा विशिष्ट अतिथि अरशद मिर्जा सदस्य अल्पसंख्यक आयोग नेपाल राष्ट्र रहे भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित जागरूकता सम्मेलन में जैन, सिख, ईसाई, सिंधी एवं मुस्लिम समुदाय के अल्पसंख्यक वर्ग को आमंत्रित किया गया । दर्जा प्राप्त मंत्री सम्मान अफरोज ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग के संरक्षण के लिए किए गए महत्वपूर्ण प्रयासों को जन जन तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है हमारी सरकार अल्पसंख्यक समुदाय के बीच राष्ट्रीय एकता एवं अधिकारों के प्रति जागरुकता बढ़ाने के प्रयास कर रही है।

इस दौरान देव प्रताप सिंह जिला पंचायत सदस्य श्रावस्ती दिलशाद पठान जिला अध्यक्ष मोदी अगेन विधायक पुत्र आशुतोष पांडे आयोजक मोहम्मद आरिफ खान ग्राम प्रधान शिवपुर बनकट बबलू मिश्रा ग्राम प्रधान महदेइया अभय तिवारी ग्राम प्रधान खरगूपुर तमाम ग्राम प्रधान व क्षेत्रवासी मौजूद रहे

# शातिर गुण्डा व जिलाबदर अपराधी अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती -प्रभारी निरीक्षक जीतेन्द्र कुमार सिंह थाना को0भिनगा मय हमराही टीम साथ क्षेत्र भ्रमण व एचएस निगरानी किया जा रहा था तभी मुखबिर की सूचना पर जिला बदर अपराधी फारूख पुत्र मुंशी निवासी गुलरा थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती को मल्हीपुर जाने वाले मार्ग गंजी घाट के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से एक अदद नाजायज चाकू भी बरामद किया गया। अभियुक्त फारूख पुत्र मुंशी को 12.05.2022 में जिला मजिस्ट्रेट श्रावस्ती द्वारा जिला बदर अपराधी घोषित किया गया था। नोटिस निर्गत के बावजूद भी जनपद में निवास करते हुए पाया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना को0भिनगा पर मुकदमा अपराध संख्या 517/2022 धारा 10 उत्तर प्रदेश गुण्डा निवारण अधिनियम मु0अ0सं0 518/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त फारुख अपराधिक प्रवृत्ति का एक शातिर गुंडा है इसके द्वारा थाना सिरसिया तथा आसपास के क्षेत्रों में मानव शरीर एवं संपत्ति संबंधी कई अपराध कारित किये जाते रहे हैं। इसकी अपराधिक गतिविधियों से क्षेत्र के आम जन-मानस में भय व्याप्त रहता था। दिनांक 12 मई 2022 को जिला मजिस्ट्रेट श्रावस्ती द्वारा जिला बदर अपराधी घोषित किया गया था। इसके विरुध्द मार-पीट, बलवा, लूट आदि गम्भीर धाराओं मे करीब 01 दर्जन अभियोग पंजीकृत है

# 35 लीटर कच्ची शराब बरामद 200 किलोग्राम लहन किया नष्ट



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के आदेशानुसार अवैध मद्य निष्कर्षण एवं अवैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत आबकारी निरीक्षक बलराम सिंह एवं अरविंद कुमार सिंह की संयुक्त टीम द्वारा थाना भिनगा के खेदूपुरवा, उल्हवा के विभिन्न घरों में और चिड़ीमार पुरवा, भयापुरवा के जंगल में दबिश दी गयी। जिसमें 35 लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी और 200 किलोग्राम लहन मौके पर नष्ट कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 2 अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गई।उक्त जानकारी जिला आबकारी अधिकारी पी0के0 गिरी ने दी है।


# गाय व भैंसों में लम्पी त्वचा रोग पर जागरूकता शिविरों का आयोजन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-लम्पी रोग के फैलाव को नियंत्रित करने हेतु कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के निर्देश एवं पशुधन विकास विभाग उपसंचालक डॉ. नरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में जिले के सीमावर्ती गांवों अवन्तिकापुर, उमापुर, सपहा, नवाटोला चेक पोस्ट (अन्तर्राज्यीय) आदि में सघन टीकाकरण, पशु स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन 22 सितम्बर 2022 दिन गुरुवार को किया गया। शिविर में 77 पशुओं को एल.एस.डी. के रोकथाम हेतु गोट पॉक्स वैक्सीन का टीकाकरण किया गया। साथ ही बड़ी संख्या में उपस्थित पशु पालकों को मिनरल मिक्चर के साथ कृमिनाशक, दर्द, बुखार एवं डायरिया आदि के रोकथाम के लिए दवाईयों का वितरण किया गया। शिविर में तेजी से फैलने वाली इस वायरल बीमारी के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में मौजुद सभी पशुपालकों को जैवसुरक्षा के उपाय जैसे बाहरी जानवरों के आने पर प्रतिबंध, मक्खी, मच्छर आदि बाहरी परजीवियों के नियंत्रण हेतु साफ-सफाई, कीटनाशक दवाईयों का उचित प्रयोग के साथ अन्य उपायों जैसे कि बीमारियों से लडने हेतु प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु खनिज मिश्रण का उपयोग, चुने एवं फिटकरी का उचित उपयोग, 1 प्रतिशत् फार्मेलिन या ब्लीचिंग पाउडर (2-3 प्रतिशत) जीवाणु नाशक स्प्रे का प्रयोग आदि सुझाव दिया गया। इसके साथ ही पशु बाड़ों में इस रोग को फैलाने में सहयोगी मक्खी, मच्छर, चिचड़ आदि न पनपे इसके लिए पानी व गंदगी का जमाव न होने देने पर भी जोर दिया गया। शिविर का आयोजन डॉ. के.एम. यादव, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, पशु चिकित्सालय बिहारपुर, विकासखण्ड ओड़गी, डॉ. सन्तु कुमार गुप्ता, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र सूरजपुर एवं डॉ. आशुतोष चौबे, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, चल विरुजालय सूरजपुर के सहयोग से किया गया। डॉ. आशुतोष चौबे ने पशुपालकों को बताया कि लम्पी रोग संक्रमित पशु से स्वस्थ पशुओं में फैलता है। अतः जरूरी है कि इस रोग से बचाने हेतु परजीवियों पर नियंत्रण करे एवं स्वस्थ पशुओं को संक्रमित से अलग रखे साथ ही अन्य उपाय जैसे कि मच्छरदानी व दवाइयों का उपयोग, सुबह शाम पंखों का उपयोग करें। पशुओं में यदि लम्पी रोग के लक्षण जैसे - तेज बुखार, आँख नाक से पानी आना, शरीर में विशेष प्रकार की गाठे बनना आदि दिखाई दे तो उस पशु को जल्द से जल्द अलग कर तुरन्त चिकित्सीय सलाह ले।



# मवेशियों के लम्पी स्किन रोग से बचाव हेतु लगातार प्रयास जारी



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-लगातार जलवायु में परिवर्तन और पर्यावरणीय परिस्थितियां में उतार-चढ़ाव अक्सर नई रोगों का कारण बनते है। मवेशियों में नये रोगों में लम्पी स्किन रोग पशु पालकों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। देश के कई राज्यों में मवेशियों में एल.एस.डी. रोग पैर पसार चुका है। पशुपालकों को इस बीमारी के बारे में जागरूक करने हेतु पशुधन विकास विभाग सूरजपुर द्वारा नित नये प्रयास किये जा रहे है। अकसर किड़े पशुओं के शरीर से आवश्यक पोषक तत्वों को ग्रहण करते है, जिससे पशु कमजोर हो जाती है और उनके रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कम हो जाती है। यथा संभव हो तो टीकाकरण से पहले कृमिनाशक दवा अवश्य पिलाना चाहिए। टीकाकरण को कारगर बनाने हेतु टीकाकरण से पूर्व डिर्वामिंग एवं डी-टिकिंग बहुत जरूरी है।

यह रोग जैसे मच्छर, मक्खी, किलनी इत्यादि के द्वारा फैलता है। इसके साथ-साथ पशुओं के बाड़े में भी किटनाशक का छिड़काव एवं पशु गृह अन्दर कोने पर चूने का छिड़काव भी करना चाहिए। लम्पी स्किन रोग से बचाव हेतु एक मात्र उपाय टीकाकरण है। लम्पी स्किन रोग गोट पॉक्स फैमिली के वायरस द्वारा होता है। अतः बचाव हेतु पोट पॉक्स टीका का उपयोग गौवंशीय एवं भैंस वंशीय पशुओं में किया जाता है। लगातार शिविरों के माध्यम से निःशुल्क पशुओं में किलनी नाशक एवं अन्तपरजीवी नाशक दवाइयों का वितरण किया जा रहा है। जिले के मध्यप्रदेश के बार्डर से लगे हुए विकासखण्ड़ ओड़गी के चेक पोस्ट नवाटोला (चांदनी बिहारपुर) में वन विभाग के सहयोग से पशुधन विकास विभाग द्वारा निरन्तर पशुओं के आवाजाही पर निगरानी रखी जा रही है। 22 सितम्बर 2022 को विभाग द्वारा डॉ. के.एम. यादव, डॉ. सन्तु कुमार गुप्ता एवं डॉ. आशुतोष चौबे की उपस्थिति में लम्पी स्किन रोग को रोकने हेतु निःशुल्क टीकाकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण हेतु शिविर का आयोजन किया गया। सभी पशुपालकों से आग्रह किया जाता है कि अन्य राज्यों से पशु क्रय न करे एवं किसी भी तरह का एल.एस.डी. संबंधी रोग लक्षण दिखने पर अपने समीपस्थ पशु चिकित्सालय में तत्काल संपर्क करें।

# ग्राम पंचायत थाड़पाथर में समस्या समाधान शिविर का हुआ आयोजन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्टर सुश्री इफ्फत एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम के निर्देश एवं मार्गदर्शन में जिले के दूरस्थ ओडगी ब्लॉक के ग्राम पंचायत थाड़पाथर में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में थाड़पाथर, मोहरशोप, कांतिपुर, बिहारपुर, नवाटोला, सेमरा, रामगढ़, करौटी ए, पासल, पेंडारी, सपहा और अवंतिकापुर के ग्रामीण उपस्थित होकर अपने समस्याओं से अवगत कराए। शिविर में नवीन राशन कार्ड, सदस्यता जोड़ने, पेंशन भुगतान तथा नवीन पेंशन स्वीकृति, मनरेगा मजदूरी भुगतान की समस्या, सड़क-पुलिया निर्माण, कूप निर्माण, पेयजल हेतु हैण्डपम्प की खोदाई, प्रधानमंत्री आवास निर्माण, पी. डी. एस भवन, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की स्वीति इत्यादि के आवेदन पत्र प्राप्त हुए। बैंक सखी द्वारा डीबीटी पेंशन भुगतान तथा मनरेगा मजदूरी भुगतान की जांच किया गया। ग्रामीणों की मांग पर नवाटोला में 15वां वित्त से पेयजल हेतु बोर खनन कराने सरपंच एवं सचिव को निर्देशित किया गया। शिविर के पश्चात स्कूल का निरीक्षण किया गया शपथ दिलाया गया। बिहारपुर कैम्प कार्यालय ओड़गी में बिहारपुर क्षेत्र के ग्रामीणों के सुविधा हेतु उप अभियंता पंकज के साथ दो आपरेटर को नियमित कार्यालय संचालन हेतु आदेशित किया गया है। शिविर के दौरान रणवीर साय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, जनपद सदस्य बसंत गुर्जर, सरपंच थाड़पाथर, जनक वर्मा, राकेश चौबे के साथ जनपद पंचायत ओड़गी के अधिकारी,कर्मचारी, सचिव उपस्थित रहे।

आपका लोकप्रिय दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
ज्वाइन करने का सुनहरा मौका
आवश्यकता है
बरेली मुरादाबाद बदायूं उधम सिंह नगर
की सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर
रिपोर्टर की
संपर्क करें- 9027776991